राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,, बाड़मेर

क्रमांक : रापोबा/आई.आई.आई.सेल/2022-23/2252 दिनांक :- 17/11/2022

श्रीमान सहायक निदेशक
सुचना एवं जन संपर्क विभाग
बाड़मेर |

विषय : प्रेस विज्ञप्ति के स्थानीय प्रतिष्ठीत समाचार पत्रो मे प्रकाशित करने बाबत |

महोदय ,

निवेदन है कि इस पत्र के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति भिजवाई जा रही है | कृपया कर इसे जिले के स्थानीय प्रतिष्ठीत समाचार पत्रों मे समाचार के रूप मे नि:शुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहित करावें |

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय
बाड़मेर

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बाड़मेर में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 17-11-2022 को राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बाड़मेर परिसर मे आई० आई० आई० सेल द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक श्री वासुदेव ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई।

कार्यक्रम में एमएसएमई जयपुर के सहायक निदेशक श्री तरुण भटनागर , सहायक निदेशक श्री संजय मीणा ,निरीक्षक श्री बलराम मीणा ,जिला उद्योग केंद्र बाड़मेर के उद्योग प्रसार अधिकारी श्री चंडीदान चारण , स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया बाड़मेर के चीफ मैनेजर श्री अनुपम चारण एवम हैंड प्रिंट उद्यमी श्री मनोज खत्री अथिति एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

एमएसएमई सहायक निदेशक तरुण भटनागर ने बताया कि एमएसएमई किसी भी देश की जीडीपी के लिए रीड की हड्डी है। उन्होंने किसी भी उद्यम को प्रारंभ करने के लिए आवश्यक तत्व और मार्केटिंग पोर्टल जैसे GeM, सार्वजनिक खरीद नीति, उद्योगों से संबंधित घरेलू/ अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी व जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट योजना के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया।

जिला उद्योग केंद्र बाड़मेर के उद्योग प्रसार अधिकारी श्री चंडीदान चारण तथा एमएसएमई जयपुर के अधिकारियों ने एमएसएमई उद्योगों के वर्गीकरण तथा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया बाड़मेर के चीफ मैनेजर अनुपम चारण ने उद्यम के लिए ऋण लेने के लिए आवश्यक मापदंड , उद्यम रजिस्ट्रेशन इत्यादि के बारे में बताया तथा सरकार की एमएसएमई मंत्रालय की mymsme वेबसाइट की जानकारी दी जिस पर एमएसएमई उद्योगों से संबंधित सभी योजनायें एक ही पोर्टल पर विद्यमान है।

हैंड प्रिंट उद्यमी मनोज खत्री ने विद्यार्थियों को अपने जीवन के अनुभवों को साझा कर प्रोत्साहित किया एवं किसी भी काम को पूरा करने के लिए टीम को साथ लेकर चलने तथा कभी भी हार न मानने के लिए प्रेरित किया

इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कमल पंवार ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार सृजन में मदद मिलेगी व समय समय पर ऐसे कार्यक्रमों की महती आवश्यकता है।

कार्यक्रम में रोशन लाल, कैलाश खत्री, अमृत जांगिड़ ,प्रियंका मीना , पुरुषोतम , ओमा राम , ममता चोधरी आदि उपस्थित रहे |

(कमल पंवार)
प्रधानाचार्य